## खबर संक्षेप

### नाबालिग से अनैतिक काम कराने पर मां व होटल मैनेजर काबू

**रेवाड़ी।** रामपुरा पुलिस थाने से चंद कदम की दूरी पर एक होटल में मां ही अपनी नाबालिग बेटी से अनैतिक कार्य करा रही थी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद बच्ची को मुक्त कराते हुए आरोपी मां व होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट से तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। होटल मैनेजर कुतुबपुर में रहने वाला मूल रूप से बिहार के सिरसा रामराय निवासी विकास है, जबकि नाबालिग की मां महेंद्रगढ़ जिले के एक गांव की रहने वाली है। जांच अधिकारी सुनीता देवी के मुताबिक नाबालिग लड़की की मां ही उससे अनैतिक कार्य कराती रही। इसके लिए उसके पास होटलों से फोन आते थे। फोन आने के बाद वह खुद बेटी को होटल जाती थी। होटल मैनेजर से उसका सौदा तय होता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। नाबालिग लड़की की काउंसलिंग करवाई जाएगी, जिसके बाद इस पूरे मामले का खुलासा होगा।

### टाटा पिकअप से बरामद की खैर की लकड़ी

**यमुनानगर।** वन विभाग की टीम ने खैर की लकड़ी से भरे टाटा पिकअप को काबू किया है। विभाग की टीम को आता देखकर आरोपी खैर तस्कर मौके से फरार हो गए। पिकअप से बरामद खैर की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन समेत खैर को कब्जे में लेकर तीन खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली कलसिया रेंज के वन राजिक अधिकारी बलजीत सिंह ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव जाटावाला जंगल से कुछ खैर तस्कर खैर के पेड़ों को काटकर वाहन में भरकर बचने के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। आरोपी खैर तस्कर वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गए। जांच करने पर वाहन से खैर के 99 पीस बरामद हुए। जांच के दौरान आरोपी खैर तस्करों की पहचान गांव जाटावाला निवासी भूरा व नूर मोहम्मद तथा कोर बरसावा निवासी सुरेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## छत्तीसगढ़ में गेट परीक्षा में 3 युवा ब्लूटूथ से कर रहे थे नकल, सभी 6 गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के

# ऊंची चोटियां चढ़ने वाला हिसार का पर्वतारोही नकल गिरोह का था पेपर सॉल्वर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

गांव मिंगनीखेड़ा निवासी एवं फिट इंडिया का ब्रांड एंबेसडर पर्वतारोही नरेंद्र कुमार कभी ऊंची चोटियों को फतेह करने की वजह से चर्चा में रहा था तो अब उसका नाम नकल गिरोह के साथ सामने आया है। वह पांच साथियों सहित छत्तीसगढ़ में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग यानी गेट परीक्षा में नकल करवाने के आरोप में पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि नरेंद्र के साथ दो अन्य इंजीनियर पकड़े गए हैं और ये सभी हरियाणा के रहने वाले हैं। इनमें नरेंद्र पेपर सॉल्वर था, जबकि झज्जर का दसवीं पास दर्शन मास्टरमाइंड बताया गया है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर के निजी कॉलेज में दो दिन पहले गेट परीक्षा हुई थी। यहां पर तीन युवक जूते में ब्लूटूथ डिवाइस छुपाकर पहुंचे थे। इनके ब्लूटूथ डिवाइस बाहर बैठे अन्य तीन युवकों से कनेक्ट थे। ये आरोपी भी हरियाणा से आए थे। दबी आवाज में सवाल बताने लगे और बाहर बैठे सॉल्वर जवाब दे रहे थे। परीक्षा केंद्र प्रभारी को शक होने पर उन्होंने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला है कि स्टूडेंट्स से दो-दो लाख में डील हुई थी।

» फिट इंडिया का ब्रांड एंबेसडर पर्वतारोही नरेंद्र संपन्न परिवार से है, सीएम भी दे चुके हैं अवॉर्ड

» नरेन्द्र के साथ दो इंजीनियर भी आए गिरफ्त में, मास्टर माइंड है झज्जर का 10वीं पास दर्शन



हिसार का मिगनीखेड़ा निवासी पर्वतारोही नरेन्द्र।

### छह लाख रुपये में तय हुआ था तीनों का सौदा

*बताया जा रहा है कि झज्जर के गांव छुड़ानी निवासी सुमित सहवाग, भूना निवासी लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्की और सिरसा निवासी अमर तीनों बीटेक पास कर चुके हैं और एमटेक के लिए गेट परीक्षा दे रहे थे। इनमें लक्की और अमर जॉब भी कर रहे हैं। तीनों को रायपुर के सरोना स्थित निजी कॉलेज में सेंटर मिला था। परीक्षा पास कराने के लिए तीनों ने नकल कराने वाले गैंग की मदद ली थी। झज्जर के गांव छुड़ानी निवासी दर्शन, हिसार के गांव मिंगनीखेड़ा निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार और फतेहाबाद निवासी बंटी से दो लाख में डील हुई। तीनों स्टूडेंट से 6 लाख लेने के बाद वे सब रायपुर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि रायपुर के सरोना स्थित टीसीएस ईओन डिजिटल जोन में एग्जाम सेंटर में यह परीक्षा हुई। जहां बाहर चाय की दुकान पर बैठकर तीनों प्रश्न सॉल्व कर रहे थे। बताया जा रहा है कि नरेंद्र पेपर सॉल्व कर रहा था, जबकि दसवीं पास दर्शन नजर बनाए हुए था।*

### दुनिया की कई चोटियां की फतेह

पर्वतारोही नरेंद्र कुमार कई खतरनाक चोटियों पर चढ़ाई कर भारत का तिरंगा फहरा चुका है। उसने 2019 में अपनी यात्रा शुरू की और अन्नपूर्णा, मनास्लू और किलिमंजारो जैसी प्रमुख चोटियों पर तिरंगा झंडा फहराया। 2025 में यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई की। 2025 में ही विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लू पर तिरंगा फहराया। माउंट अन्नापूर्णा के खतरनाक शिखर पर भी विजय प्राप्त की। चारों तरफ यही चर्चा चल रही है कि पर्वतारोही सम्पन्न परिवार से संबंध रखता है और उसकी कामयाबी पर अप्रैल 2025 में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सम्मानित भी कर चुके हैं। फिट इंडिया का एंबेसडर भी बनाया गया था। नरेंद्र ने जेईई की परीक्षा भी पास की है। परिवार में सभी सदस्य बढ़िया सरकारी नौकरी पर हैं।

### पिता बोले- घर पर खुद पेपर देने की कहकर गया था नरेंद्र

एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग से ईटीओ पद से सेवानिवृत्त गांव मिंगनीखेड़ा निवासी एवं पर्वतारोही नरेंद्र के पिता सुभाष चन्द्र का कहना है कि उसका बेटा शनिवार को रायपुर में गेट का पेपर देने गया था। पेपर खत्म होने के बाद उसने फोन पर शाम को जहाज से गुरुग्राम पहुंचने की बात कही थी। सोमवार सुबह हमें उसकी गिरफ्तारी का पता चला। छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस संबंध में हमें कोई सूचना नहीं दी।

## हिसार के युवक ने चरित्र पर संदेह के चलते कैंची से काटा पत्नी का गला

# गर्भवती पत्नी की सीए पति ने हत्या कर शव रजवाहे में फेंका, लूट का रचा ड्रामा

- हिसार में छुट्टी पर आए थे घर, वापस अपनी जॉब पर गुरुग्राम जा रहे थे वापस
- सितंबर 2025 में शादी हुई थी और दो माह के गर्भ से थी मृतका महक, एचडीएफसी बैंक में थी डिप्टी मैनेजर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

गुरुग्राम स्थित एक निजी बैंक में कार्यरत गर्भवती महिला की गर्दन में तेजधार कैंची से वार कर हत्या कर दी गई और शव पाहसोर के निकट रजवाहे में फेंक दिया गया। हत्या के बाद आरोपी पति ने पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी पति ने सच कबूल लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल चरित्र पर संदेह के चलते हत्या किए जाने की बात सामने आई है। पूछताछ के दौरान असल खुलासा हो पाएगा और पुलिस वारदात में प्रयोग किए गए हथियार की रिकवरी करेगी।

मृतका की पहचान करीब 28 वर्षीय महक के रूप में हुई है। महक हांसी की रहने वाली थी और पिछले साल सितंबर माह में उसकी शादी हिसार निवासी अंशुल के साथ हुई थी। अंशुल गुरुग्राम में सीए है, जबकि महक एचडीएफसी बैंक में बतौर डिप्टी मैनेजर कार्यरत थी। नौकरी के चलते फिलहाल दोनों गुरुग्राम में ही रह रहे थे। जानकारी के अनुसार, वीकेंड पर वे अपने हिसार स्थित घर पर आए हुए थे। रविवार देर शाम को दोनों कार में सवार होकर गुरुग्राम के लिए निकले। बीच में कुछ देर के लिए वे हांसी में महक के मायके में भी ठहरे और फिर रवाना हो गए।

रात करीब दस बजे जब पाहसोर के पास पहुंचे तो घटनाक्रम हो गया। बताते हैं कि अंशुल ने ही अपने परिजनों और फिर पुलिस को सूचना दी कि उनके साथ लूटपाट की वारदात हो गई तथा पत्नी महक गायब है। फिर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कुछ दूरी पर रजवाहे में महक का शव बरामद हो गया। उसके गले पर तेजधार हथियार से वार किया गया था। पूछताछ में अंशुल के बयानों पर पुलिस को शक हुआ तो मामले की कलई खुलती चली गई। उधर, दोनों पक्षों से परिजन भी बहादुरगढ़ पहुंचे।







बहादुरगढ़। पांच माह पहले शादी के बंधन में बंधे थे महक व अंशुल। अब पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी पति।



विलाप करते परिजन।

### रूट बदलने पर शक

यहां महक के परिजनों ने अंशुल पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि अक्सर ये हिसार से गुरुग्राम अन्य रास्ते से जाते थे। इस दफा अलग रूट का चुनाव किया गया। महक तीन भाई-बहनों में मंझली थी और करीब दो माह के गर्भ से थी। उसके भाई अक्षय की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की और आरोपी अंशुल को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारा और बचाव के लिए पुलिस को झूठी सूचना दी, लेकिन पूछताछ में उसके झूठ का पर्दाफाश हो गया।

## 4 हजार शिक्षकों की नौकरी पर संकट

# अनुभव के आधार पर लगे प्राथमिक शिक्षकों को 2027 तक करना होगा एचटेट पास

» हुड्डा सरकार में 2012 में लगे थे प्राथमिक शिक्षक

» तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने 2017 में दी थी राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में विज्ञापन संख्या 2/2012 के तहत अनुभव के आधार पर नियुक्त किए गए प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी एक बार फिर संकट में आ गई है। मौलिक शिक्षा महानिदेशक, हरियाणा की ओर से जारी ताजा निर्देशों के अनुसार ऐसे सभी शिक्षकों को मार्च 2027 तक हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय तक परीक्षा पास न करने वाले शिक्षकों की सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

इस संबंध में मौलिक शिक्षा महानिदेशक कार्यालय से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विज्ञापन संख्या 2/2012 की शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उक्त विज्ञापन के तहत चार वर्ष के शिक्षण अनुभव के आधार पर नियुक्त लगभग चार हजार प्राथमिक शिक्षकों को एक अप्रैल 2015 तक एचटेट पास करना अनिवार्य था। निर्धारित अवधि में एचटेट उत्तीर्ण न कर पाने वाले शिक्षकों को वर्ष 2017 में राहत दी गई थी। 27 अप्रैल 2017 को जारी आदेश में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि ऐसे शिक्षकों के नियुक्ति पत्रों में यह शर्त जोड़ी जाए कि वे भविष्य में एचटेट उत्तीर्ण करेंगे। बाद में अप्रैल 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन शिक्षकों को राहत देते हुए घोषणा की थी कि उन्हें भविष्य में एचटेट और बीएड करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा वे सेवा में बने रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पलटा निर्णय

पिछले वर्ष एक सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी। यह प्रावधान शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2011 लागू होने के बाद नियुक्त शिक्षकों पर लागू होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश सरकार ने पूर्व निर्णय में बदलाव करते हुए अब मार्च 2027 तक एचटेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है।

## » एसडीएम को झुनझुना पकड़ाने पर कार्रवाई

# गुहला के कांग्रेस विधायक हंस और 4 पर केस दर्ज

- एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश की शिकायत पर 27 दिन बाद दर्ज हुआ मामला
- दुकान निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए किया था विरोध प्रदर्शन



कैथल। एसडीएम को झुनझुना पकड़ाने का प्रयास करते गुहला के कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस। - फाइल फोटो

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल**

गुहला के दुकानों के निर्माण को लेकर हुए विवाद में कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस द्वारा एसडीएम को झुनझुना थमाने के प्रयास के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। विधायक देवेंद्र हंस सहित 4 समर्थकों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा व सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के आरोप में गुहला थाना में यह मामला दर्ज किया गया है।

शिकायत में बताया गया कि 19 जनवरी दोपहर करीब 1:50 बजे विधायक देवेंद्र हंस अपने समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय गुहला पहुंचे। यहां पर बीडीपीओ चीका परिसर में दुकानों के निर्माण संबंधी मामले में चल रही जांच को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम कैप्टन प्रमेश पर जांच प्रभावित करने के लिए दबाव बनाया गया और आपत्तिजनक टिप्पणियां की। दोपहर 2 बजे परिसर में मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान विधायक ने एसडीएम को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। इस दौरान उनके एक समर्थक द्वारा दिया गया झुनझुना एसडीएम को थमाते हुए उनकी प्रशासनिक क्षमता पर तंज कसा और कहा कि वे प्रशासनिक कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की। घटना से जुड़े वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए, जिससे अधिकारी की गरिमा और प्रशासनिक अधिकार को ठेस पहुंची।

जांच अधिकारी विजेंद्र ने बताया कि गुहला के एसडीएम कार्यालय द्वारा दी गई शिकायत अनुसार विधायक देवेंद्र हंस व समर्थक हरदीप सिंह बदसुई, दीपक शर्मा, जगजीत सिंह और हर्ष गर्ग के खिलाफ सरकारी बाधा में डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि यह कार्रवाई अब शिकायत देने के करीब 27 दिन बाद हुई है। पुलिस ने मामले को असंज्ञेय अपराध मानते हुए रोजनामचा में एंट्री कर न्यायपालिका से जांच के अनुमति मांगी थी।

### धमकियों से डरने वाला नहीं हूं : हंस

विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विपक्षी विधायकों पर झूठे केस दर्ज कर रही है, लेकिन मेरी आवाज इन धमकियों से दबने वाली नहीं है। मैं जनता का चुना विधायक हूं तो उनके मुद्दे उठाता रहूंगा।

### पूर्व फौजी ने घर पर खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**चरखी दादरी।** शहर की हरिनगर कॉलोनी में बीती रात सिंचाई विभाग के गिरदावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक फौज से रिटायरमेंट के बाद सिंचाई विभाग में लगा था। मृतक के बेटे की शिकायत पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई कर सामान्य अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, झज्जर जिला के गांव खाचरौली निवासी रविंद्र कुमार दादरी के हरिनगर कॉलोनी में किराये के मकान में परिवार सहित रहता था। बीती रात रविंद्र उसका बेटा घर में सो रहे थे। उसकी पत्नी गांव गई थी। देर रात को अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई देने पर बेटा कमरे में पंहुचा तो रविंद्र लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था। परिजनों ने उसे सामान्य अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अभी कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

## 8 साल पहले लव मैरिज करने वाले युवक का सुसाइड, लिखा-दूसरी शादी मत करना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**



भट्टू रोड स्थित अग्रवाल कॉलोनी में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का समाचार है। घटना के समय मृतक युवक की पत्नी ड्यूटी पर गई हुई थी जबकि लड़का स्कूल गया था। सुसाइड से पहले उसने 2 पेज का एक सुसाइड नोट छोड़ा। अपनी पत्नी के लिए उसने लिखा, डियर वाइफ आप जैसा कोई नहीं है। यह घर तुम्हारा भी है। बेटे का ध्यान खना और दूसरी शादी मत करना। इसी घर में रहना। दूसरे पेज पर उसने अपने माता-पिता के लिए लिखा कि मेरी मेंटल हेल्थ ठीक नहीं है। पत्नी और बेटे का ध्यान रखना। आपने मेरे लिए बहुत कुछ किया है। उसने गूंजन से आठ साल पहले लव मैरिज की थी।

33 वर्षीय अनमोल बंसल हिसार के सर्वेश हेल्थ केयर अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के तौर पर कार्य करता था। यहां अग्रवाल कॉलोनी में ग्राउंड फ्लोर पर उसके माता-पिता, छोटा भाई आदित्य व भाई की पत्नी रहते हैं। उसके पिता ब्रह्मचंद दवाइयों की होलसेल का काम करते हैं। फर्स्ट फ्लोर पर अनमोल अपनी पत्नी गूंजन व पांच साल के बेटे के साथ रहता था। अनमोल की पत्नी गूंजन एचडीएफसी बैंक में काम करती है। लंच टाइम के समय गूंजन जब घर लौटी तो उसने अनमोल को फंदे पर लटके देखा। बता दें कि एक सप्ताह पहले अनमोल गाड़ी लेकर हिसार से फतेहाबाद आ रहा था। अग्रोहा के पास गाड़ी के आगे पशु आने पर वह चोटिल हो गया। तब से घर पर था।

### यमुनानगर : दुकान के अंदर फंदे पर मिला पीवीसी पैनल कारोबारी का शव

**यमुनानगर।** शहर के विश्वकर्मा चौक के निकट पीवीसी पैनल कारोबारी का शव उसकी ही दुकान में फंदे से लटका मिला। युवक रविवार को दुकान पर आने के बाद घर नहीं लौटा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। कैंप क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय विवेक कांबोज की पीवीसी पैनल की दुकान विश्वकर्मा चौक पर है। विवेक रविवार सुबह रोज की तरह दुकान पर गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। सोमवार को परिजन विश्वकर्मा चौक स्थित विवेक की दुकान के आगे से निकल रहे थे तो उनकी नजर शटर की ओर गई तो देखा कि शटर आधा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो विवेक का शव फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## खुशियां | भारत के दो स्टार हॉकी खिलाड़ी विवाह के बंधन में बंधे, बिना दहेज शादी कर मिसाल पेश की

# ओलंपिक मेडलिस्ट सुमित ने साथी सोनिका से की शादी

- राजस्थान की सोनिका कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में जीत चुकी हैं टीम मेडल
- प्यार होने पर दोनों ने परिवार की सहमति से की शादी, सालियों को सुमित ने जूता छुपाई में दिए डेढ़ लाख रुपये, खुद सगाई में लिया एक रुपया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

भारतीय हॉकी टीम के ओलंपिक मेडलिस्ट खिलाड़ी सुमित कुमार और भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार खिलाड़ी सोनिका टांडी ने 5 फरवरी को ऋषिकेश में गुपचुप तरीके से विवाह कर नई पारी की शुरुआत की। सीमित पारिवारिक समारोह में हुए इस विवाह की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि यह पूरी तरह बिना दहेज संपन्न हुआ, जिससे दोनों खिलाड़ियों ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया। परिवारों की सहमति से आयोजित इस विवाह समारोह में करीब 70 सदस्य शामिल हुए। शादी का आयोजन ऋषिकेश के द ऑर्चिड ऋषिवन रिसोर्ट में किया गया, जहां 4 फरवरी को मेहंदी, हल्दी और सगाई की रस्में पूरी हुईं। सगाई में सुमित के परिवार ने मात्र एक रुपये की रस्म निभाकर सादगी और संस्कार की मिसाल पेश की और समाज को सकारात्मक संदेश दिया। 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे बारात रिसोर्ट के दूसरे हिस्से से दुल्हन के द्वार पहुंची। परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ बारात का स्वागत हुआ। बारात के स्वागत के दौरान रिबन कटाई और जूते छिपाई की रस्म निभाई गई। सालियों ने मुख्य गेट पर रिबन कटवाया और नीम झरवाई की रस्म भी पूरी करवाई। मिठाई खिलाकर दूल्हे का स्वागत किया गया। जानकारी के मुताबिक, रिबन कटाई और जूते छिपाई की रस्म के दौरान सालियों ने सुमित से करीब डेढ़ लाख रुपए लिए। शाम करीब 5 बजे वरमाला हुई और 6 से 7 बजे के बीच दोनों ने सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने की कसमें खाईं।



**सोनीपत।** हरिद्वार में संपन्न हुए विवाह में शादी के जोड़े में सुमित व सोनिका।

### शादी के दो दिन बाद ही प्रैक्टिस कैंप में गए सुमित, सोनिका ने नौकरी ज्वाइन की

शादी के बाद 6 फरवरी को विदाई की रस्म हुई और सुमित दुल्हन सोनिका को लेकर सोनीपत स्थित अपने घर पहुंचे, जहां पारंपरिक गृह प्रवेश किया गया। इसके अगले ही दिन सुमित ने खेल के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए अभ्यास कैंप के लिए बेंगलुरु और फिर ऑस्ट्रेलिया की उड़ान भरी, जबकि सोनिका ने दिल्ली में अपनी नौकरी ज्वाइन कर ली।





### 2018 में हुई थी दोस्ती

बताया जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों की दोस्ती वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, जब वे अलग-अलग कैंप में अभ्यास कर रहे थे। खेल के दौरान हुई बातचीत धीरे-धीरे दोस्ती में बदली और समय के साथ उन्होंने शादी का फैसला ले लिया। दोनों ने पहले ही तय किया था कि वे परिवार की सहमति के बिना कोई निर्णय नहीं लेंगे। बाद में दोनों परिवारों के बीच सहमति बनी और यह प्रेम विवाह पारिवारिक विवाह में बदल गया। सुमित के पिता प्रताप सिंह, भाई जय सिंह व अमित और सोनिका के माता-पिता ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया।

